अहमदाबाद से प्रकाशित पाक्षिक R.N.I. No. 54975 /1994
Published on 15th & 30th of Every Month
Permited to post on 3rd & 17th every Month at A'bad PSO under postal Reg. No.
GAMC No. 1488/2017 - 2019 - Valid 2017 up to 31-12-2019

Website - http://www.sindhibandhu.com

सिन्धी बन्धु

गुजरात से सर्वप्रथम प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक पत्रिका

E-mail: sindhibandhu@yahoo.in

अधिष्ठापक तंत्री - हरिश भागवाणी

E-mail: sindhibandhu@gmail.com

वर्ष *24 अंक 18 * दिनांक 15-02-2018 * संपादक: रेशमा भागवाणी : सहसंपादक - निर्मल भागवाणी : पृष्ठ : 4 * किंमत-1.00 * फोन-22822205 मो.:9429518141

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया

सुंजवान अटैक: को इस हमले की कीमत चुकानी होगी, वहां बैठा अजहर मसूद है मास्टर माइंड- सीतारमण

जम्मू.सुंजवान आर्मी कैंप पर हुए आतंकी हमले पर रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि हमले का मास्टर माइंड पाकिस्तान बेस्ड जैश-ए-मोहम्मद का चीफ अजहर मसूद है,जिसे वहां पर सपोर्ट मिलता है। रक्षा मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा, "सबूत इकट्ठा किए जा रहे हैं। लेकिन, पाकिस्तान को सबूत देना एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। ये हर बार साबित हुआ है कि वे ही जिम्मेदार हैं। पाकिस्तान को इस हरकत की कीमत चुकानी होगी।" रक्षामंत्री का ये सख्त वॉर्निंग मुफ्ती के उस बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत को पाकिस्तान से बातचीत करना चाहिए। सोमवार को सीतारमण ने मुफ्ती से भी मुलाकात की। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में 3 दिन में दो आतंकी हमले हुए। पहला हमला शनिवार को जम्मू के सुंजवान आर्मी कैंप और दूसरा सोमवार को श्रीनगर के सीआरपीएफ कैंप पर हुआ। जिसमें 5 जवान शहीद हुए और एक सिविलियन की मौत हो गई। सीआरपीएफ कैंप हमले में एक जवान शहीद हो गया।

जवान अटैक पर क्या बोली रक्षा मंत्री सीतारमण?

1) जैश-ए-मोहम्मद के थे आतंकी

- निर्मला सीतारमण ने कहा, "सुंजवान में काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन सुबह 10.30 पर खत्म हो गया है। लेकिन, सेनिटेशन ऑपरेशन जारी है। आतंकियों का संबंध जैश-ए-मोहम्मद से था, जिसे पाकिस्तान में बैठा अजहर मसूद ऑपरेट करता है और जिसे वहां से सपोर्ट मिलता है।"

2) आतंकियों को लोकल सपोर्ट की आशंका

आतंकियों ने मिलिट्री स्टेशन को हमले के लिए चुना जहां इंडियन आर्मी के जवानों और उनकी फैमिली के घर थे। ये जगह इंटरनेशनल बॉर्डर से करीब 30 किलोमीटर दूर है। यहां काफी घनी आबादी है। कैंटोमेंट की डेमोग्राफी और आसपास के इलाके से ये लगता है कि आतंकियों को लोकल सपोर्ट मिला।"

3) फैमिली क्वॉर्टर्स की ओर भागे आतंकी

- "इस हमले के मद्देनजर एक अलर्ट जारी हुआ। इसके बाद क्विक रिएक्शन टीमों को जरूरी जगहों पर तैनात किया गया। ऐसा महसूस हुआ कि पाकिस्तान स्पॉन्सर्ड टेरिरिस्ट सॉफ्ट टारगेट की ओर जाएंगे इसलिए QRT को सुंजवान की फैमिली एकोमडेशन में भी भेजा गया। आतंकियों की घुसपैठ को संतरी ने रोका और QRT ने भी तुरंत इसका जवाब दिया। दोनों के बीच भारी गोलीबारी हुई। इस फायरिंग के चलते आतंकियों को बिखरना पड़ा और वे कोऑर्डिनेटेड हमले नहीं कर पाए। इसके बाद आतंकी फैमिली क्वॉर्टर्स की तरफ भागे और कुछ ब्लॉक्स पर कब्जा कर लिया।"

4) 189 फ्लैट्स से फैमलीज को सुरक्षित निकाला

- "आतंकवादी सेना की वर्दी में थे और उनकी पहचान मुश्किल थी इसलिए ऑपरेशन को इस तरह से अंजाम दिया गया, ताकि मिस्टेकन आइडेंटिटी की वजह से किसी की जान पर जोखिम ना हो। ऑपरेशन के दौरान 26 ब्लॉक्स को सर्च किया गया और 189 फ्लैट्स से फैमिलीज को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसमें वक्त लगा और ये काफी चुनौतीभरा भी था।"

5) आतंकियों ने निहत्थे जवानों पर फायरिंग की

- "काउंटर टेररिस्ट ऑपरेशन के दौरान एक सिविलियन समेत 6 जवानों की जान गई। आतंकियों ने निहत्थे जवानों और उनकी फैमिली पर फायरिंग की। वे फैमिली क्वॉर्टर्स में जबरदस्ती घुसने की कोशिश कर रहे थे।"

6) 4 में से 3 आतंकी मार गिराए

- "3 आतंकियों को सेना ने मार गिराया। इलाके में 4 टेररिस्ट होने की इन्फर्मेशन थी। हो सकता है कि चौथा आतंकी गाइड हो और वो कैम्प में ना घुसा हो।"

7) सीमा पार से हैंडलर्स आतंकियों को कंट्रोल कर रहे

- रक्षा मंत्री बोली, "जैश के जिस मॉड्यूल ने हमले को अंजाम दिया है, हो सकता है कि वो कुछ अरसा पहले भारत में दाखिल हुआ हो। इसकी भी संभावना है कि उन्हें ऑपरेशन से पहले लोकल सपोर्ट भी मिला हो। हमारे इंटेलिजेंस इनपुट इशारा करते हैं कि इन टेररिस्ट को सीमा पार बैठे हैंडलर्स कंट्रोल कर रहे थे। सबूतों की जांच नेशनल इन्वेस्टिगेटिव एजेंसी ने की, जो जल्द ही डिटेल रिपोर्ट देगी।"

पांच शहीदों में दो सूबेदार, 1 हवलदार

- सूबेदार मदन लाल चौधरी
- सूबेदार मोहम्मद अशरफ मीर
- हवलदार हबीबुल्लाह कुरैशी
- नायक मंजूर अहमद
- लांस नायक मोहम्मद इकबाल
- लांस नायक मो. इकबाल के पिता (सिविलियन)

सुप्रसिद्ध सम्राट नमकीन ®
घर जैसी ही नमकीन

- सींग भुजीया
- बीकानेरी सेव
- लहसुन सेव
- रतलामी सेव
- मुंग दाल
- दालमोठ
- खट्टा-मीठा मीक्स
- गांठीया
- टमटम
- चना जोरगरम
- बुंदी - तीरवी / मोली
- सेव - सादा / नायलोन
- आलुसेव
- चना दाल
- चवाना - तीरवा / मोला
- आलु वेफर-सोल्टेड/मसाला
- केला वेफर- मरी / मसाला
- फरारी चेवडा-तीरवा/मोला

SAMRAT NAMKEEN PRIVATE LIMITED
71-74, Phase-2, G.I.D.C., Naroda,
Ahmedabad-382 330, Gujarat, INDIA
Phone : +91 - 79 - 22823328 / 29 / 30 / 31
Fax : +91 - 79 - 22823383
email : info@samratnamkeen.com
web : www.samratnamkeen.com

डाउनलोड कीजिये सिन्धी बन्धु की एंड्राइड एप्लीकेशन

पाए हर ताजा खबर आपके मोबाइल में तुरंत
पहला पाक्षिक न्यूज़ पेपर मोबाइल एप्लीकेशन
डिजिटल इंडिया की और एक और कदम

मुंबई दुनिया के सबसे अमीर शहरों में 12वें नंबर पर, कुल वेल्थ 61 लाख करोड़ से ज्यादा: रिपोर्ट



नई दिल्ली. भारत की फाइनेंशियल कैपिटल मुंबई की कुल वेल्थ 950 अरब डॉलर (61 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा है। इस तरह यह दुनिया के सबसे अमीर शहरों में 12वें नंबर पर है। 15 शहरों वाली इस लिस्ट में 3 ट्रिलियन डॉलर (करीब 193 लाख करोड़ रुपए) के साथ न्यूयॉर्क टॉप पर है। यह जानकारी न्यू वर्ल्ड वेल्थ की हाल ही में जारी रिपोर्ट में दी गई है।

इस वेल्थ में सरकारी फंड शामिल नहीं है

- न्यूज एजेंसी ने रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि शहरों की टोटल वेल्थ में यहां रहने वालों की निजी तौर पर जुटाई गई कमाई (प्रॉपर्टी, नकदी, शेयर, कारोबारी हिस्सेदारी) शामिल है।इसमें सरकार के फंड्स शामिल नहीं किए गए हैं।

मुंबई में 28 अरबपति

- अरबपतियों के मामले में भी मुंबई टॉप 10 शहरों में शुमार है। यहां 28 अरबपति रहते हैं।
- रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई देश का सबसे तेजी से उभरता (अगले 10 साल में वेल्थ बढ़ने के मामले में) शहर है।

सबसे अमीर देशों में भारत 6वें नंबर पर

- न्यू वर्ल्ड वेल्थ की पिछले महीने जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में सबसे अमीर देशों की लिस्ट में भारत छठवें नंबर पर है। यहां टोटल वेल्थ 8230 बिलियन डॉलर (करीब 528 लाख करोड़ रुपए) है।
- रिपोर्ट में बताया गया कि 2017 में 64,584 अरब डॉलर (करीब 41 लाख 47 हजार 668 अरब रुपए) के साथ टॉप पर है।

YouTube के 13 साल हो रहे पूरे, लोग यहां रोजाना देखते हैं एवरेज एक अरब घंटे का वीडियो

वॉशिंगटन. YouTube 14 फरवरी को 13 साल पूरे करने जा रहा है। चेड हर्ले, स्टीव चेन और जावेद करीम जब अपने इस कॉन्सेप्ट पर काम कर रहे थे तो वो पहले इसे एक वीडियो डेटिंग साइट बनाना चाहते थे। शायद तब उन्होंने यह नहीं सोचा था कि यह इतना ज्यादा पॉपुलर हो जाएगा। आज इस वीडियो शेयरिंग वेबसाइट पर यूजर्स एवरेज एक अरब घंटे से ज्यादा का वक्त बिता रहे हैं।

मोबाइल यूजर्स एवरेज 1 घंटे का वक्त बिताता है

- अकेले स्मार्टफोन यूजर्स ही रोजाना एवरेज एक घंटे से ज्यादा का वक्त यू-ट्यूब पर बिताते हैं।
- 2016 के आखिरी तक दुनियाभर में लोग 46 हजार सालों के वक्त के बराबर सालाना यू-ट्यूब देख रहे थे।
- 88 देशों और 76 भाषाओं में लोग यू-ट्यूब चला रहे हैं। दुनिया में हर पांच लोगों में से एक यू-ट्यूब देख रहा है।

पहला वीडियो 4 करोड़ लोगों ने देखा था

- यू-ट्यूब पर पहला वीडियो 23 अप्रैल 2005 को अपलोड किया गया था।
- 'मी एट द जू' नाम के इस वीडियो को अब तक 4 करोड़ 56 लाख से ज्यादा लोगों ने देखा है।
- यह हाथी के साथ शूट किया गया है। इसमें यू-ट्यूब के को-फाउंडर जावेद करीम नजर आ रहे हैं।
- स्वीडन के वेब-बेस्ड कमेडियन प्यूडाइपाइ अभी सिर्फ 28 साल के हैं, लेकिन इनके चैनल के अभी 6 करोड़ से ज्यादा सब्स्क्राइबर हैं।
- 6 करोड़ 53 लाख 847 सब्स्क्राइब के साथ ये यू-ट्यूब पर टॉप पर हैं।

1.65 करोड़ डॉलर सबसे ज्यादा कमाई

- इंग्लैंड के डेनियल रॉबर्ट ने 2017 में यू-ट्यूब पर अपने वीडियो से 1.65 करोड़ डॉलर की कमाई की। इसके चैनल डैनटीडीएम के 1 करोड़ 70 लाख से ज्यादा सब्स्क्राइबर हैं।
- 1.5 अरब लोग हर महीने बकायदा यू-ट्यूब पर लॉग-इन करके वीडियो देखते हैं। दुनिया में इतने घरों में तो टीवी नहीं है।
- यू-ट्यूब पर एवरेज एक घंटे से ज्यादा समय यूजर्स प्रतिदिन सिर्फ मोबाइल पर बिताते हैं। वर्ष 2016 के अंत में दुनियाभर में लोग 46,000 सालों के समय के बराबर सालाना यू-ट्यूब देख रहे थे।
- 88 देशों और 76 भाषाओं में लोग यू-ट्यूब चला रहे हैं। दुनिया में हर पांच लोगों में एक यू-ट्यूब देख रहा है।
- एक अरब घंटे से ज्यादा का वीडियो कंटेंट देखा जा रहा है प्रतिदिन यू-ट्यूब पर।

10 करोड़ व्यू, सिर्फ 3 दिन में सबसे वायरल

- दक्षिण कोरिया के सिंगर साइ का जेंटलमैन वीडियो सबसे जल्दी वायरल होने वाला वीडियो है। इस वीडियो को 3 दिन के अंदर 10 करोड़ लोगों ने देखा था।

संपादकीय

प्रधानमंत्री रोजगार योजना में पिछले साल 88% लोन एप्लीकेशन रिजेक्ट, बैंकों ने लगाया अड़ंगा



बजट 2018-19 में प्रधानमंत्री इम्प्लॉयमेंट जनरेशन प्रोग्राम (पीएमईजीपी) के तहत 7.5 लाख युवाओं को रोजगार देने का टारगेट रखा है, लेकिन अप्रैल 2017 से अब तक आंकड़े बताते हैं कि पीएमईजीपी के तहत 4 लाख से ज्यादा युवाओं ने अप्लाई किया, इनमें से सिर्फ 50 हजार को ही लोन मिल पाया है। यानी कि महज 12 फीसदी बेरोजगारों को लोन दिया गया, बाकी 88 फीसदी युवाओं की एप्लीकेशन रिजेक्ट कर दी गई।

क्या कहते हैं आंकड़े?

- पीएमईजीपी के पोर्टल के मुताबिक, अप्रैल 2017 से 13 फरवरी 2018 तक 4 लाख 3 हजार 988 युवाओं ने प्रधानमंत्री इम्प्लॉयमेंट जनरेशन प्रोग्राम के तहत लोन के लिए एप्लाई किया। इनमें से 3 लाख 49 हजार 208 एप्लीकेशन कलेक्टर की अगुआई में बनी डिस्ट्रिक्ट लेवल टास्क फोर्स कमेटी के सामने रखी गईं।
- कमेटी ने 2 लाख 52 हजार 536 एप्लीकेशन को मंजूरी देते हुए बैंकों के लिए फॉरवर्ड कर दिया, लेकिन इनमें से सिर्फ 49 हजार 721 एप्लीकेशन को बैंकों ने मंजूरी देते हुए लोन सेंक्शन किया है।
- दो लाख से अधिक एप्लीकेशन रिजेक्ट करने के पीछे बैंकों ने वजह भी बताई है। बैंकों के मुताबिक लोन एप्लीकेशन के साथ जमा प्रोजेक्ट रिपोर्ट वाइबल नहीं होती है।
- दूसरी वजह, लोन के लिए एप्लाई करने वाले युवाओं का ही इंटरेस्ट नहीं होता।
- इनके अलावा सिविल रिपोर्ट सही न होना, एप्लीकेंट का डिफॉल्टर होना, एप्लीकेंट की ओर से अपना हिस्सा जमा न कराना, डॉक्यूमेंट जमा न करा पाना, बिजनेस का नॉलेज न होना भी एप्लीकेशन रिजेक्शन की वजह बताई गई हैं।

क्या कहते हैं एक्सपर्ट?

- फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (फिस्मे) के जनरल सेक्रेटरी अनिल भारद्वाज ने moneybhaskar.com से कहा कि बैंकों का प्रोसेस सरल नहीं होता, जिसे बेरोजगार युवा पूरा नहीं कर पाते। उन्होंने माना कि इस प्रोसेस में बैंकों में भ्रष्टाचार भी जिम्मेदार है। इस कारण युवाओं को लोन नहीं मिल पाता।
- भारद्वाज ने कहा कि डीएलएफटीसी को भी लोन एप्लीकेशन की छंटनी करनी चाहिए और एप्लाई करने वाले युवाओं को ढंग से गाइड करना चाहिए। साथ ही, सरकार को बैंकों पर लोन देने के लिए दबाव बनाना चाहिए।
- बता दें कि रोजगार के मोर्चे पर सवालों से घिरी मोदी सरकार ने इस बार प्रधानमंत्री इम्प्लॉयमेंट जनरेशन प्रोग्राम (पीएमईजीपी) का टारगेट बढ़ा दिया।
- बजट 2018 में फाइनेंस मिनिस्टर अरुण जेटली ने पीएमईजीपी का फाइनेंशियल आउटले 1800 करोड़ रुपए रखा है, जबकि पिछले बजट 2017 में यह 1024 करोड़ रुपए था।
- पीएमईजीपी के तहत 2018-19 में 7.04 लाख लोगों को रोजगार देने का टारगेट रखा गया है, जबकि पिछले बजट में 56 हजार 500 माइक्रो यूनिट लगाने और 4.52 लाख लोगों को रोजगार देने का टारगेट रखा गया था।

926 करोड़ की बैंक डकैती कॉन्स्टेबल ने की नाकाम, पहली पोस्टिंग में ही किया कारनामा

सीताराम 28 जनवरी को ड्यूटी पर थे। वे एक्सिस बैंक में तैनात हैं। उस दिन डीओ सुरेंद्र सिंह ने इंस्पेक्शन के दौरान उन्हें राइफल दिखाने को कहा तो सीताराम ठीक से राइफल को एक्शन में नहीं ले सके। डीओ ने जोरदार फटकार लगाई। इस पर सीताराम खुद दुखी हो गए, लेकिन ठान लिया कि आज से अलर्ट ही रहूंगा। वे कहते हैं कि उस फटकार का ही असर था कि 10 दिन बाद इतनी मुस्तैदी से डकैतों पर खिड़की से एट ए ग्लांस फायर करने में कामयाब हुआ। 926 करोड़ की देश की सबसे बड़ी डकैती को बीते सोमवार नाकाम करने वाले सीताराम को गेलेंट्री प्रमोशन देने की सिफारिश की गई है।

बैंक की तिजोरी की सुरक्षा में तैनात थे सीताराम

- उस दिन सी स्कीम स्थित बैंक के बाहरी हिस्से में गेट पर निजी सुरक्षा गार्ड प्रमोद कुमार तैनात थे। रात ढाई बजे की बात है। एक इनोवा में सवार होकर 13 बदमाश बैंक पहुंचे। दो गाड़ी में ही बैठे रहे। जबकि पांच-छह नकाबपोश बदमाश बाहरी दीवार फांदकर परिसर में घुस आए।
- दो के हाथ में पिस्टल थी। दो ने प्रमोद पर हमला कर दिया। उसके हाथ पैर बांधने लगे। बाकियों ने बैंक का चैनल गेट खोल लिया। बाहर हल्ला सुनकर बैंक की तिजोरी की सुरक्षा में तैनात सीताराम ने तुरंत स्थिति समझ ली और फायर कर दिया। दूसरे फायर के लिए निशाना साधा ही था कि बदमाश घबराकर भागने लगे। बदमाश डकैती की पूरी योजना से आए थे।
- सीताराम कहते हैं, "सचमुच वो काफी डरावना पल था, लेकिन अब मुझे आगे के लिए और हिम्मत मिल गई है।"
- "मेरे लिए इस नौकरी तक पहुंचना आसान नहीं रहा। मां-बाप पढ़-लिख नहीं सके थे। मजदूरी करते हैं। मैं इकलौती संतान हूं। मजदूरी-खेती में पिता को हाथ बंटाते हुए कॉपी-किताबों का इंतजाम किया। बीएड कर टीचर बनना चाहता था, लेकिन कॉन्स्टेबल भर्ती में चुन लिया गया तो इस अलग ही राह पर आ गया। प्रोबेशन पीरियड खत्म होने के बाद यह पहली ही पोस्टिंग है।"

12वीं में क्लास टॉपर रहे थे सीताराम

- मूल रूप से सीताराम सीकर के पूनियाणा गांव के हैं। सीनियर सेकंडरी तक की पढ़ाई दांतारामगढ़ से की तो कॉलेज रेनवाल से। बारहवीं में क्लास टॉपर रहे। डेढ़ साल पहले ही शादी हुई है।
- सीताराम बताते हैं, "घटना के बारे में जब घर पर पता चला तो पिता टोडाराम ने पहली बार शाबासी दी। कहा, बेटा तूने नाम कर दिया है। आज हर किसी की जुबां पर तुम्हारे चर्चे हो रहे हैं।"
- मां प्रेम को भी बेटे पर गर्व है। हालांकि अनहोनी की आशंका से वे डर भी जाती हैं और बेटे को संभलकर रहने को कहती हैं। पत्नी को आस है कि वे महकमे में इसी मुस्तैदी के साथ काम करते रहेंगे।
- सीताराम की मानें तो गांव में आज भी टीचर बनना सबसे बड़ा सपना होता है। मां-बाप की भी ख्वाहिश यही थी कि बेटा टीचर बन जाए। बीएड करने के साथ ही टीचर बनने की तैयारी शुरू की ही थी कि कॉन्स्टेबल भर्ती में सिलेक्शन हो गया। 2015 में नौकरी ज्वाइन की। प्रोबेशन पूरा होने के बाद यहां बैंक की चेस्ट शाखा की सुरक्षा में तैनात कर दिया गया।

नोटबंदी RBI या जेटली का नहीं, RSS का फैसला; 2019 में जीते तो GST नियमों में करेंगे बदलाव: राहुल गांधी

कलबुर्गी. राहुल गांधी ने मंगलवार को कर्नाटक के कलबुर्गी में कारोबारियों से मुलाकात की। इस दौरान राहुल ने कहा, "नोटबंदी RBI, अरूण जेटली या फाइनेंस मिनिस्ट्री का नहीं बल्कि RSS का आईडिया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इसे लागू करने के लिए नरेंद्र मोदी पर दबाव डाला था। बता दें कि कर्नाटक में इसी साल असेंबली इलेक्शन होने हैं। यहां कांग्रेस की सरकार है। राहुल गांधी का यह दौरा सियासी तौर पर अहम माना जा रहा है।

राहुल ने जीएसटी का भी जिक्र किया। कहा- अगर 2019 में कांग्रेस केंद्र में सरकार बनाती है तो GST के नियमों में बदलाव किया जाएगा। ताकि लोगों को राहत मिल सके।

18% करेंगे जीएसटी रेट

- कांग्रेस प्रेसिडेंट ने कहा, "सत्ता में आने के बाद GST नियमों में बदलाव करके इसे सरल बनाया जाएगा। केंद्र सरकार ने बिना तैयारी के GST लागू करके देश के 130 करोड़ लोगों को मुश्किल में डाला। हम सरल GST लागू करना चाहते थे। देश में एक टैक्स लागू करने के साथ-साथ गरीबों को GST दरों से छूट देंगे।" - राहुल ने आगे कहा- GST की अधिकतम दर 18 फीसदी करेंगे। सरकार ने कांग्रेस की सिफारिशें नहीं मानीं और GST की दरों को पांच स्लेब में रखा है।

BJP पर नया आरोप

- राहुल ने कहा कि बीजेपी सरकार संविधान को हथियाने की कोशिश कर रही है। RSS अपने लोगों को हर इंस्टीट्यूशन में जगह देना चाहता है। मोहन भागवत का बयान इसी सोच को बताता है। भागवत ने सेना के जवानों की शहादत का अपमान किया है। उन्हें अपने बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

भागवत के किस बयान से खफा हैं राहुल

- बता दें कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 11 फरवरी को मुजफ्फरपुर में कहा था, "अगर ऐसी स्थिति पैदा हो और संविधान इजाजत दे तो स्वयंसेवक मोर्चे पर जाने को तैयार हैं। जिस आर्मी को तैयार करने में 6-7 महीने लगते हैं, संघ उन सैनिकों को 3 दिन में तैयार कर देगा।"
- "संघ न तो मिलिट्री और न ही पैरामिलिट्री ऑर्गनाइजेशन है, ये एक पारिवारिक संगठन है। यहां सेना जैसा ही अनुशासन है। आरएसएस वर्कर्स हमेशा देश के लिए जान न्योछावर करने के लिए तैयार रहते हैं।"

चार दिवसीय चुनावी दौरे पर थे राहुल गांधी

- कर्नाटक में मई 2018 में असेंबली इलेक्शन हैं। राहुल शनिवार को अपने 4 दिनों के दौरे पर कर्नाटक पहुंचे थे।
- राहुल ने अपने दौरे पर राज्य के कई मंदिरों के दर्शन भी किए।

IAF को मिलेगा 71 साल पहले इंडो-पाक वार में इस्तेमाल हुआ 'परशुराम' एयरक्राफ्ट, सांसद ने गिफ्ट किया

नई दिल्ली. 71 साल पहले 1947 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अहम किरदार निभाने वाला डकोटा एयरक्राफ्ट इंडियन एयरफोर्स को मिलेगा। राज्यसभा सांसद राजीव चंद्रशेखर ने ये एयरक्राफ्ट IAF को गिफ्ट दिया है। इस एयरक्राफ्ट को ब्रिटेन में पूरी तरह नया रूप दिया गया है। इसमें 6 साल का वक्त लगा। एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ ने कहा, "मिलिट्री हिस्टोरियन पुष्पिंदर सिंह ने कहा था कि आज हमारे पास कश्मीर के पुंछ का इलाका है तो इसकी वजह डकोटा एयरक्राफ्ट है।"

27 अक्टूबर 1947 को ये एयरक्राफ्ट्स आर्मी की 1 सिख रेजिमेंट के जवानों को श्रीनगर लेकर गए थे। इसके अलावा ये शरणार्थियों और सामान को भी ले गए।

गिफ्ट सिटी तेजी से फाइनेंशियल वर्ल्ड का पावर हाउस बन रहा हैः मुख्यमंत्री

श्री रूपाणी ने गिफ्ट सिटी में किया यस बैंक के आईएफएससी न्यू हेडक्वार्टर का शुभारंभ

- देश की कुल जनसंख्या के पांच प्रतिशत भाग वाला गुजरात देश की अर्थव्यवस्था के विकास में सात प्रतिशत से ज्यादा योगदान देता है
- नया भारत- न्यू इंडिया का प्रधानमंत्री का स्वप्न गिफ्ट सिटी में युवा शक्ति के सामर्थ्य से साकार करना है

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी ने आज कहा कि गिफ्ट सिटी अब तेजी से फाइनेंशियल वर्ल्ड का पावर हाउस बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में गिफ्ट सिटी का निर्माण करवाया था। गुजरात को सिर्फ वित्तीय संस्थाओं ही नही बल्कि कमोडिटी एक्सचेंज, शेयर ट्रांजेक्शन्स, डेरिवेटिव्ज और अंतरराष्ट्रीय स्टाक मार्केट का हब बनाने का स्वप्न अब साकार हुआ है।

श्री रूपाणी ने गिफ्ट सिटी में आज यस बैंक के आईएफएससी न्यू हेड क्वार्टर का शुभारंभ करवाया। इसके साथ ही उन्होंने यस बैंक के यूएसडी बॉण्ड इश्यू अंश और आईएनएक्स का बेल बजाकर शुभारंभ करवाया।

यस बैंक ने दो वर्ष के अल्पकाल में ही दो बिलियन अमेरिकी डॉलर का वित्तीय कारोबार किया है। इसके लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने उम्मीद जतायी कि अन्य बैंकों के लिए यह घटना प्रेरणादायी साबित होगी।

उन्होंने कहा कि देश की कुल जनसंख्या के पांच प्रतिशत हिस्से वाला गुजरात देश की अर्थव्यवस्था के विकास में सात प्रतिशत से ज्यादा योगदान दे रहा है। गुजरात ने विश्व को दिखा दिया है कि भविष्य को ध्यान में रखकर फ्यूचरिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो तो मोस्ट फेवर्ड इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन बना जा सकता है। गुजरात में सुदृढ़ रोड नेटवर्क, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने डीएमआईसी, जीआईएफटी, एसईजेड और बुलेट ट्रेन जैसे बहुआयामी प्रकल्पों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने विश्वास जताया कि गिफ्ट सिटी में फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट्स और बैंक आदि के आगमन से गुजरात के युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध होंगे। इतना ही नहीं, युवा शक्ति के सामर्थ्य के भरोसे प्रधानमंत्री ने न्यू इंडिया निर्माण का जो संकल्प देखा है, उसे पूरा करने में भी गुजरात अग्रसर रहेगा।

इस अवसर पर यस बैंक के एमडी और सीईओ राणा कपूर ने गुजरात में यस बैंक के नेटवर्क, विस्तार आदि की जानकारी के साथ राज्य सरकार के प्रोत्साहक अभिगम की सराहना की।

गिफ्ट सिटी एसईजेड के चेयरमैन महेश्वर साहू, बीएसई के चेयरमैन एस. सुरेश, मुख्य सचिव डॉ. जेएन सिंह आदि ने अपने प्रासंगिक संबोधन में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट्स को उसी तेजी से पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाने की मुख्यमंत्री श्री रूपाणी की कार्यपद्धति की प्रशंसा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि भारत सरकार गिफ्ट सिटी को मॉडल बनाने के लिए संकल्पबद्ध है और गुजरात सरकार इसके लिए पूरी तरह से तैयार है।

कार्यक्रम में गिफ्ट सिटी के चेयरमैन और पूर्व मुख्य सचिव सुधीर मांकड़, यस बैंक, बीएसई और आईएनएक्स के पदाधिकारीगण, आमंत्रित महानुभाव और उद्योगपति उपस्थित थे।

आरक्षण के लिए गलत प्रमाण पत्र बनाकर लाभ लेने वाले या उनकी मदद करने वाले को तीन वर्ष के कारावास की सजा सजा और पचास हजार रुपये तक के दंड की व्यवस्था होगी

आगामी विधानसभा सत्र में आदिवासी, दलित और अन्य पिछड़ी जातियों के आरक्षण के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने वाला कानून बनाया जाएगा। वन एवं आदिजाति मंत्री श्री गणपतसिंह वसावा ने आज राज्य सरकार द्वारा लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी दी। उनके साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री ईश्वरभाई परमार भी उपस्थित थे।

सूरत सर्किट हाउस में पत्रकारों को जानकारी देते हुए मंत्री श्री वसावा ने कहा कि आदिवासी, दलित और अन्य पिछड़ी जातियों के फर्जी जाति प्रमाण पत्रों द्वारा सरकारी नौकरी, शैक्षणिक लाभ, चुनाव के लिए आरक्षण को लेकर दिए जाने वाले जाली प्रमाण पत्रों के आधार पर लाभ लेने वाले या मदद करने वालों को तीन वर्ष तक के कारावास और पचास हजार रुपये तक के दंड की व्यवस्था इस कानून में की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हाल ही में फर्जी जाति प्रमाण पत्र इश्यू करने के मामले में तथा फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर आरक्षण का लाभ हासिल किए जाने की खबरों के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। संवैधानिक आरक्षण के अंतर्गत आने वाले वर्गों के हितों की रक्षा करने के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है।

फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर जिसने नौकरी हासिल कर ली होगी, उसे नौकरी में से बर्खास्त किया जाएगा। इसके साथ ही नौकरी के दौरान प्राप्त अनुदान, भत्ते या अन्य वित्तीय लाभ लिए होंगे तो उसकी भी वसूली की जाएगी। ऐसे प्रमाण पत्रों के आधार पर अगर शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश लिया होगा तो प्रमाण पत्र रद्द करके उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही अगर इस प्रकार से किसी ने डिग्री हासिल की होगी तो वह भी रद्द की जाएगी और उसके खिलाफ कदम उठाए जाएंगे। इस प्रकार के फर्जी प्रमाण पत्रों से हासिल लाभ जैसे कि छात्रवृत्ति या अन्य कोई लाभ लिया होगा, तो उसकी भी वसूली की जाएगी।

संवैधानिक रूप से आरक्षित सीट पर चुनाव लड़कर अगर कोई विजेता हुआ होगा तो उस सदस्य को अमान्य घोषित किया जाएगा और उसके द्वारा लिए गए लाभों की वसूली भी की जाएगी।

अहमदाबाद में सिन्धी समाज द्वारा समूह शादी का आयोजन

"जय जुलेलाल चेरिटेबल एंड एज्युकेशन ट्रस्ट द्वारा" दिन 13-02-2018 शिवरात्रि के दिन सिन्धी समाज ने समूह शादी का शानदार आयोजन किया गया, इसमें 10 जोड़ो की शादी करवाई गई और भेंट के रूप में कुछ तोफ्हे भी दिए गए. यह कार्यक्रम ठक्करनगर में रखा गया, जहा अनेको लोगो की हाजरी ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए.

SBI LIFE INSURANCE में पहली बार MDRT बनने के लिए सिन्धी बन्धु परिवार और पुरे सिन्धी समाज की तरफ से आपको खूब खूब अभिनन्दन

अगर आपको भी कोई जरुरत हो इन्वेस्टमेंट की सलाह या इन्स्योरंस का कोई काम तो अप बेजिजक इनका कांटेक्ट कर सकते हैं.

मो. 7600026137

हितेश ददवाणी

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया